दिन–शुक्रवार दिनांक– 11 ⁄ 09 ⁄ 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रदेश में कई प्रमुख नदियों के जलस्तर में कमी के बावजूद बाढ़ का दायरा बढ़ता जा रहा है। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, राज्य के पन्द्रह जिलों के अट्ठासी प्रखंडों में लगभग सैंतालीस लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में एक हजार एक सौ चौरानवे सामुदायिक रसोई केंद्र और पन्द्रह राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही राहत और बचाव कार्य में एनडीआरएफ की दस और एसडीआरएफ की सत्ताईस कम्पनियों की तैनाती की गयी है। लोगों को आवागमन के लिए एक हजार नौ सौ बाईस नावों का परिचालन किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, पुनपुन, बागमती और घाघरा समेत कई नदियां विभिन्न स्थानों पर अब भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। हालांकि, अधिकांश स्थानों पर जलस्तर में गिरावट का रुख है। गंगा नदी भागलपुर के कहलगांव में खतरे के निशान से एक दशमलव छह छह मीटर ऊपर बह रही है। वहीं, बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान से एक दशमलव सात आठ मीटर और कोसी नदी का जलस्तर कुर्सेला में एक दशमलव चार नौ मीटर ऊपर दर्ज किया गया। पुनपुन का जलस्तर भी श्रीपालपुर में खतरे के निशान से एक दशमलव चार–एक मीटर ऊपर है। वहीं, बागमती नदी का जलस्तर बेनीबाद और घाघरा का जलस्तर दरौली में बढ़ रहा है।

———————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुयी है। औरंगाबाद के ओबरा में सबसे अधिक एक सौ तेईस दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज औरंगाबाद और गया जिले में भारी बारिश की संभावना है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी बारिश हो सकती है। इस दौरान कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स समिट के वेलकम किट में बिहार के सत्तू और मखाना को शामिल किया गया है, जो बिहार के स्वाद, परंपरा और उद्यमिता की पहचान हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री चौधरी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'लोकल टू ग्लोबल' संकल्प के माध्यम से बिहार के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रही है। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार की नई पहचान के रूप में यहां का स्वाद अब दुनिया के सामने पहुंच रहा है।

——————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ फौजदारी मामलों का निपटारा किया जाएगा। ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों का भी निष्पादन लोक अदालतों के माध्यम से किया जाएगा। लोक अदालत के लिए सभी जिला और अनुमंडल न्यायालयों में विशेष पीठों का गठन किया गया है।

——————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि बीस नवम्बर को सम्राट चौधरी सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर तीस हजार भूमिहीन परिवारों को बासगीत पर्चा दिया जाएगा। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री जायसवाल ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भी तीस हजार भूमिहीन परिवारों के बीच बासगीत पर्चा का वितरण किया गया था।

——————————————————————

विशेष निगरानी इकाई की टीम ने आज लघु जल संसाधन विभाग के छपरा अंचल के अधीक्षण अभियंता राजेन्द्र कुमार के पटना और छपरा समेत पांच ठिकानों पर छापेमारी की है। आय से अधिक संपत्ति मामले में यह कार्रवाई की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधीक्षण अभियंता पर आय से सौ प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

——————————————————————

भागलपुर जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कुतुबगंज में अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक भाजपा के नेता बताए जाते हैं।

———————————————————

मुंगेर जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक हाईवा ट्रक से तीन हजार लीटर से अधिक शराब जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

जनता दल यूनाइटेड की ओर से आज सासाराम में नीतीश संवाद का आयोजन किया गया। पार्टी के जिलाध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी ने कहा कि फरक्का जलसंधि के नवीनीकरण से पहले बिहार के हितों को ध्यान में रखने की आवश्यकता है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।